अमर उजाला
02
amarujala.com/dehradun

बीटेक एवं बीफार्मा : द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से लेटरल एंट्री के जरिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारकों को बीटेक एवं बीफार्मा पाठ्यक्रमों में द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए 30 मई से पहले चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू कर दी गई है। इसमें भाग लेने के लिए छात्रों को विवि की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा।

विवि की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार छात्र पहले चरण में 30 मई से एक जून तक काउंसलिंग शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। बीटेक में प्रवेश काउंसलिंग मेरिट के आधार पर होगा। जिन अभ्यर्थियों का त्रिवार्षिक डिप्लोमा परीक्षा का परिणाम नहीं आया है, उनके पिछले वर्षों के प्राप्तांकों के अनुपात के आधार पर मेरिट तैयार की जाएगी। जबकि, बीफार्मा में प्रवेश के लिए द्विवार्षिक डिप्लोमा परीक्षा का परिणाम नहीं आने की दशा में प्रथम वर्ष के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट तैयार होगी।

बीटेक द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। इसके बाद सीटें शेष रहती हैं तो उसे बीएससी अर्हताधारी अभ्यर्थियों से भरा जा सकेगा।

काउंसलिंग में भाग लेने के लिए डिप्लोमा अथवा बीएससी में 45 प्रतिशत अंकों की बाध्यता होगी। हालांकि, आरक्षण श्रेणी के अभ्यर्थियों के न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होने चाहिए। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि बीटेक और बीफार्मा द्वितीय वर्ष में प्रवेश की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू कर दी गई है।

पहले चरण में ही भर लें अधिक से अधिक विकल्प : आनलाइन काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को वेबपोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से 2000 रुपये काउंसलिंग शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद संस्था और ब्रांच के विकल्प भरने होंगे। जिन छात्रों की ओर से प्रथम चरण में विकल्प भरे जाएंगे, उन्हें पुनः द्वितीय अथवा तृतीय चरण की काउंसलिंग में विकल्प भरने की आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे पहले चरण में ही अधिक से अधिक विकल्प भर लें।

लेटरल एंट्री के तहत पॉलीटेक्निक डिप्लोमाधारकों को बीटेक और बीफार्मा में मिलेगा प्रवेश

अंतिम तिथि से पहले जमा होगा प्रमाणपत्र

काउंसलिंग में चयन के बाद छात्रों को डिप्लोमा उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र 30 सितंबर अथवा संस्थान की ओर से जारी प्रवेश की अंतिम तिथि से पहले जमा कराना होगा। निर्धारित समय के अंतर्गत प्रमाणपत्र जमा नहीं कराने वाले छात्रों का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

तीन चरणों में आयोजित होगी काउंसलिंग

पहला चरण

काउंसलिंग फीस जमा करने एवं रजिस्ट्रेशन की तिथि : 30 मई से एक जून तक
विकल्प भरने की तिथि : 30 मई से दो जून तक
सीट आवंटन तिथि : 07 जून
आवंटित सीट पर विकल्प : 07 से 08 जून तक
आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग की तिथि : 08 से 12 जून तक

दूसरा चरण

काउंसलिंग फीस जमा करने एवं रजिस्ट्रेशन की तिथि : 13 से 14 जून
विकल्प भरने की तिथि : 13 से 15 जून
सीट आवंटन तिथि : 20 जून
आवंटित सीट पर विकल्प : 20, 21 जून
आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग की तिथि - 21 से 25 जून तक

तीसरा चरण

काउंसलिंग फीस जमा करने एवं रजिस्ट्रेशन की तिथि : 26 से 27 जून
विकल्प भरने की तिथि : 26 से 28 जून
सीट आवंटन तिथि : 03 जुलाई
आवंटित सीट पर विकल्प : तीन से चार जुलाई तक
आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग की तिथि : 04 से 08 जुलाई तक